## एक नजर में

### भगवान कुन्थुनाथ का किया विशेष पूजन, चढ़ाया निर्वाण लाडू...



**सनावद, निप्र।** श्री सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में शनिवार को सत्रहवें तीर्थंकर भगवान कुन्थुनाथ स्वामी का जन्म, तप और मोक्ष कल्याणक मनाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान का जलाभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजा तथा भगवान कुन्थुनाथ स्वामी का विशेष पूजन तथा निर्वाण कांड के सामूहिक पाठ के बाद मोक्षगमन का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया। डॉ. नरेन्द्र जैन भारती ने बताया कि हस्तिनापुर नगर के राजा शूरसेन और पट्?टरानी श्रीकांता के घर तीर्थकर कुन्थुनाथ स्वामी का जन्म वैशाख शुक्ल एकम को हुआ था। पूर्व भव का स्मरण तथा आत्मबोध होने पर आपने स्वत: दिगम्बर दीक्षा धारण कर तपस्या की। आपके साथ साठ हजार दिगम्बर मुनिराजों ने तप साधना की। जिसके प्रभाव से आपने पावन तीर्थ सम्मेदाचल से मोक्ष प्राप्त किया। जन्म, तप और मोक्ष कल्याणक एक ही तिथि पर आते हैं। अत: श्रद्धालु जन इस दिन पूजा अर्चना कर पुण्यार्जन करते हैं। कमलेश भूच, नरेश पाटनी, प्रियम जैन, आशीष जैन शैलेन्द्र जैन, संतोष बाकलीबाल सत्येन्द्र जैन, नीलेश बाकलीबाल, जंगलेश जैन, लवीश पाटनी, हेमचंद पाटौदी सहित अनेक महिलाओं ने निर्वाण लाडू चढ़ाकर पुण्यार्जन किया।

### प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर



**सनावद, निप्र।** शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए श्री रेवा गुर्जर महाविद्यालय द्वारा निरंतर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में शनिवार को रोजगार प्रदाता व्यावसायिक संस्थानों ने 120 विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। प्राचार्य डॉ.अनुराग गीते ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में सनावद क्षेत्र के 16 विद्यालयों ने सहभागिता की। गीते ने विद्यार्थियों को पूर्ण आत्मविश्वास के साथ साक्षात्कार में भाग लेने के प्रेरित किया।महाविद्यालय की अकादमिक निदेशक मीनाक्षी भावसार ने कहा कि प्लेसमेंट ड्राइव विद्यार्थियों के कैरियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्लेसमेंट कमेटी के प्रमुख डॉ.विष्णु बैसवार ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में कृषि क्षेत्र की सीड कंपनी,हॉर्टिकल्चर कंपनी एवं फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट ने विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध किए। संस्था अध्यक्ष राकेश पटेल, रेवा गुर्जर महासभा के कार्यकारिणी अध्यक्ष नरेंद्र पटेल,महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव ओमजी पाटील,सदस्य लेखराम पटेल ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजन में डॉ.रीतेश डोंगरे,अभिलाष शर्मा,महेंद्र शर्मा,पंकज पटेल, प्रणय सावनेर,महेंद्र शर्मा का सराहनीय सहयोग रहा।

### 95 मेंटर्स ने 49800 विद्यार्थियों से रूबरू संवाद किया, दिए तनावमुक्त शिक्षा के टिप्स



**खरगोन, निप्र।** जिले का 'जॉय ऑफ गिविंग 'समूह 100 विशेषज्ञों के साथ मिलकर 6 से 12 के साथ ही कॉलेज विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य बनाने के साथ विज़न बढ़ाने का कार्य विगत चार वर्षों से कर रहा है।समूह के राकेश राणा व मुरली खोड़े ने बताया कि इन चार वर्षों में 227 सेशन 95 मेंटर्स के द्वारा लिए जाकर लगभग 49800 विद्यार्थियों से रूबरू संवाद किया गया ।सिराज शेख व डॉ पुष्पा पटेल ने जानकारी दी समूह 20 विषयों पर 10 गतिविधियों के माध्यम से संस्थाओं में जाकर अपने अनुभव से विद्यार्थियों की समझ विकसित करते हैं।इस वर्ष नेस्ट मेकिंग,सकोरा वितरण ,विज्ञान ,प्रदर्शनी, लोक कला वर्कशॉप, पृथ्वी दिवस,अहिल्या उत्सव, एजुटेन्मेंट, जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किये।डॉ लवेश राठौर व अशोक दीक्षित, हेमन्त मेहता व अखिलेश पाटीदार ने बताया कि जॉय ऑफ गिविंग' समूह के सदस्य इस वर्ष खरगोन के अलावा झिरन्या,महेश्वर ,सनावद, गोगावाँ,सेगांव,कसरावद, एवं बड़वानी क्षेत्र की संस्थाओं में भी सेशन के लिए गए थे। कृष्णपालसिंह व दिलीप पालीवाल ने बताया की इस वर्ष हिंदी में हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत 2000 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।समूह के मुख्य प्रवर्तक दिलीप कर्पे ने बताया कि 2022 से 100 सदस्यों के साथ मिलकर इसकी शुरुआत की।समूह में हर क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल हैं, समूह के सदस्य शासकीय व निजी स्कूल कॉलेज व्यावसायिक संस्थाओं के विद्यार्थियों से रुबरु होते हैं।ताकि निमाड़ के युवा भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके।यह समूह क्षेत्र का एकमात्र समूह है जो विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए ,निशुल्क सकारात्मक सहयोग कर रहा है।

### गर्मी के चलते स्कूलों का समय बदला, कल से सुबह 8 से दोपहर 2 :30 बजे तक कक्षाएं

**खरगोन, निप्र।** कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त एवं विभिन्न बोर्डों से संबद्ध विद्यालयों में शाला संचालन समय में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों के लिए 20 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक शाला संचालन का समय प्रात: 8:00 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था जिले के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों पर समान रूप से लागू होगी, जिनमें केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश सहित अन्य समस्त बोर्डों से संबद्ध विद्यालय शामिल हैं। निर्देशों में स्पष्ट किया है कि इस अवधि में मूल्यांकन एवं परीक्षा संबंधी कार्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यथावत संचालित रहेंगे।यह आदेश विद्यार्थियों के ग्रीष्मावकाश प्रारंभ होने तक प्रभावशील रहेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाए और निर्धारित समय-सारिणी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# संघ वही कर रहा जो ऋषियों ने किया...

## राधाकुंज मांगलिक परिसर में प्राध्यापक समूह गोष्ठी में बोले प्रमुख वक्ता दीपक विस्पुते

नवभारत न्यूज

**खरगोन, निप्र।** राधाकुंज मांगलिक परिसर में शनिवार को प्राध्यापक समुह गोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुखजन गोष्ठी, प्राध्यापक समुह शताब्दी वर्ष के अवसर के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता दीपक विस्पुते अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख उपस्थित रहे। उन्होंने कहा यहां का अध्यापक भारत की आत्मा है भारत का मूल विचार हिन्दुत्व है। हमारा विचार सब ब्रह्म है और सब चेतन्य है सारा संसार हमारा कुटुम्ब है। सर्वे भवन्तु सुखिन सर्वे सन्तु निरामया सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मां कश्चित दु:ख भाग भवेत्।




राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ वहीं कार्य कर रहा है, जो सनातन समय से हमारे ऋषि मुनि कर रहे हैं। हम सबका मार्ग व लक्ष्य एक ही है व्यक्तिगत चरित्र से राष्ट्रीय चरित्र तक पहुंचना श्रेष्ठ व प्रबुद्धजन समाज के बीच जैसा व्यवहार करेंगे समाज भी वैसा ही करेगां। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना, विकास यात्रा, मूल उद्देश्यों एवं कार्यपद्धति पर प्रकाश डालते हुए समाज के सामने संघ का वास्तविक स्वरूप प्रस्तुत किया। विस्पुते ने कहा कि संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार एक जन्मजात देश भक्त थे। उनके जीवन की अनेक घटनाएं इस तथ्य को स्पष्ट करती हैं।उन्होंने स्कुल मे वंदे मातरम गान किया था, जिसके कारण अंग्रेजी शासन ने उन्हें स्कूल से निष्कासित कर दिया था।डॉ हेडगेवार का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रभाव, संगठन एवं समाज-निर्माण के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का प्रतीक है। संघ की स्थापना के समय से ही डॉ हेडगेवार की दृष्टि हिंदू समाज को संगठित करने, भेदभाव रहित समाज का निर्माण करने पर केंद्रित रही। उन्होंने स्पष्ट किया कि संघ का मूल ध्येय सज्जन शक्ति से युक्त, संगठित, आत्मनिर्भर एवं राष्ट्रहित में समर्पित समाज का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि समाज में आरएसएस के विषय में अनेक गलत धारणाएं प्रचलित हैं।ऐसी प्रमुख जन गोष्ठियां उन सभी संदेहों, भ्रांतियों को स्पष्ट करने का सबसे सशक्त माध्यम हैं।

उन्होंने कहा कि संघ का कार्य, व्यवहार और प्रवृत्ति से जाना जाता है, न कि प्रचार से। श्री विस्पुते ने बताया कि संघ का संपर्क समाज के विभिन्न वर्गों, विचारधाराओं के लोगों से निरंतर बना रहता है। संघ के स्वयंसेवक शिक्षा, सेवा, ग्राम विकास, आपदा राहत, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय जीवन के सभी क्षेत्रों में सक्रिय रहते हैं। जहां सरकारी विद्यालय नहीं हैं, वहां हजारों एकल विद्यालय संघ के स्वयंसेवक चला रहे हैं।

### जनजागरण ही उद्देश्य

उन्होंने कहा, 'संघ व्यक्ति निर्माण का केंद्र है।शताब्दी वर्ष के विशेष संदर्भ में विस्पुते ने कहा कि संघ पंच परिवर्तन का विषय लेकर घर-घर संपर्क, नागरिक गोष्ठियों और समाज संवाद के माध्यम से व्यापक जनजागरण का कार्य कर रहा है। जिसमें वह, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी जीवन शैली इन विषयो को लेकर समाज जागरण के कार्य करना है। उन्होंने कहा संघ सज्जन, प्रभावी और राष्ट्रहित में सोचने वाली सामाजिक शक्ति को साथ लेकर भारत को अधिक संगठित, सक्षम और विश्वकल्याण के भाव से युक्त बनाने का संघ का व्यापक उद्देश्य है।

## शासकीय हाईस्कूल बिटनेरा में 10 वीं का 83 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम



**गोगावा, निप्र।** ग्राम बिटनेरा की शासकीय हाई स्कूल में 10 वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम 83.33 प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में 20 विद्यार्थी तथा द्वितीय श्रेणी में 5 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय में प्रथम स्थान पर छात्रा कीर्ति मालाकार ने सर्वोच्च अंकों के रूप में 94.2 प्रतिशत प्राप्त किए। वहीं द्वितीय स्थान पर संगीता मेघवाल ने 88.8 प्रतिशत और तृतीय स्थान पर अर्पिता यादव ने 84.2 प्रतिशत प्राप्त किए।

तीनों छात्राओं ने अधिकतम अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। प्राचार्य एन एस रावत ने इस उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों के समर्पित प्रयासों व विद्यार्थियों की मेहनत को दिया।परीक्षा परिणाम के बाद स्कूल में विद्यार्थियों ने एकजुट होकर शिक्षकों से आगामी भविष्य की शिक्षा को लेकर चर्चा की। इस दौरान शिक्षकों पी एस तंवर, सुरेश रजाने, वसीम खान, कोमल दीक्षित, संगीत पटवारी आदि ने विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया।


## गोगावा ग्राम पंचायत में सरपंच का उपचुनाव 22 अप्रैल को

**गोगावा, निप्र।** गांव की ग्रामपंचायत में गंभीर आर्थिक वित्तीय अनियमित ताओं के चलते वर्तमान सरपंच रेशमा राजेंद्र राणा को पद से हटा दिया गया है। रिक्त सरपंच की कुर्सी को भरने की कवायद भी तेज हो गई है गोगावा ग्राम पंचायत में सरपंच का उपचुनाव 22 अप्रैल बुधवार को होना है जिसकी अधिसूचना सचिव बलिराम यादव द्वारा जारी कर दी है।



गत दिनों पूर्व सरपंच रही रेशमा राजेंद्र राणा को आर्थिक वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी राशि 49.70 लाख से अधिक राशि की वसूली होना पाए जाने पर जिला पंचायत के सीईओ व विहित प्राधिकारी पंचायत द्वारा तत्काल सरपंच रेशमा राजेंद्र राणा को ग्राम स्वराज अ धिनियम 1993 की धारा 40 के अंतर्गत पद से हटाते हुए एवम धारा 40(2) के अंतर्गत आगामी छह वर्षो के लिए किसी भी पंचायत पद के लिए अयोग्य घोषित किया गया है। मालूम हुआ कि रिक्त हुए सरपंच पद को भरने के लिए ग्राम के निर्वाचित बीस पंचों में से ही नए सरपंच का उपचुनाव आगामी 22अप्रैल बुधवार को होना है जिनका कार्यकाल आगामी आने वाले त्रिस्त्रीय पंचायत चुनाव तक रहेगा इसको लेकर अधिसूचना भी जारी हो गई है ।

## नगर परिषद अध्यक्ष डेम सिंह का किया सम्मान, धर्मशाला की विस्तृत चर्चा की



**खरगोन, निप्र।** सर्व सेन समाज सतपुड़ा मंडल 22, गांव के अध्यक्ष ओम सेन के द्वारा समाज सेवक सुभाष चौहान, सेन मैंण, हमारे प्रदेश अध्यक्ष, मनोज सेन, पलसूद, व नगर परिषद अध्यक्ष डेम सिंह का स्वागत करते हुए धर्मशाला की विस्तृत चर्चा की। आप सभी ने भरपूर सहयोग दिया, चौहान ने 1 लाख 1 हजार नकद सहयोग दिया, प्रदेश अध्यक्ष जी ने 1, लाख की घोषणा की और नगर परिसद अध्यक्ष ने 101, सीमेंट के कट्टे की घोषणा की आप सभी अथितियों का सतपुड़ां मंडल, अध्यक्ष, ओम सैन बहुत बहुत आभार प्रकट करता हूं आप का सहयोग रूपी आशीर्वाद मेरे मंडल पर बनाए रखना।

## कसरावद के पांच स्कूली छात्र लेंगे विज्ञान मंथन यात्रा में हिस्सा, कल होंगे रवाना

**कसरावद, निप्र।** मध्यप्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा 20 अप्रैल से 27 अप्रैल तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एवं श्री हरिकोटा उपग्रह केंद्र के भ्रमण के लिए आयोजित की गई है।

महर्षि वेद व्यास पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के पांच छात्र छात्राओं का विज्ञान मंथन यात्रा में चयन हुआ है। प्रदेश के 10 वीं , 11 वीं एवं 12 वी के 375 विद्यार्थियों तथा 27 शिक्षकों का चयन इस प्रतिष्ठित यात्रा के लिए किया गया है । महर्षि स्कूल के होनहार विद्यार्थी कु अनन्या दुबे, कु. रागिनी कुशवाह, कु. आरजू राठौर, कु. राधिका यादव , जयदीप वर्मा चयन हुआ है। संस्था के अकादमिक डायरेक्टर राजेश व्यास ने बताया कि विज्ञान मंथन यात्रा में भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को इसरो के अनुसंधान केंद्र में अंतरिक्ष की गहन जानकारी प्राप्त होगी और अंतरिक्ष वैज्ञानिको से चर्चा होगी। चंद्रयान मिशन एवं उपग्रह प्रक्षेपण प्रणाली को समझने का अवसर मिलेगा । वैज्ञानिक सोच एवं शोध के लिए महर्षि वेद व्यास पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों को निरंतर सहयोग एवं मार्ग दर्शन प्रदान करता है । स्कूल के होनहार विद्यार्थी प्रतिवर्ष देश के विभिन्न अनुसंधान केंद्रों में भ्रमण के लिए जाते है। आज संस्था के अध्यक्ष एवं संचालक निलेश व्यास एवं संचालक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेश कुमार व्यास, विज्ञान शिक्षक श्री रविन्द्र गुर्जर, मीना भाटी ने विद्यार्थियों का माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया एवं सफल एवं सुरक्षित यात्रा की मंगल कामनाएं की । महर्षि वेद व्यास पब्लिक स्कूल के सावन सर, रंजीत मंडलोई, हेमंत सर, अंकुश पाटीदार, सारिका यादव मेम पूर्णिमा मेम, कुलदीप अंजली आदि ने बच्चों को बधाई दी एवं यात्रा में कुशलता की कामना की। विद्यार्थी 20 अप्रैल से 27 अप्रैल तक विभिन्न शहरों के विज्ञान केंद्रों में भ्रमण के लिए भोपाल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र के लिए प्रस्थान करेंगे।



## महेश्वर में ऐतिहासिक सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में, एसडीएम ने किया निरीक्षण

**महेश्वर, निप्र।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर महेश्वर नगरी इस वर्ष एक भव्य और ऐतिहासिक आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। मालवी गारी भारूड़ समाज द्वारा अक्षय तृतीया, 20 अप्रैल को विशाल नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं और पूरे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लेने शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया। एसडीएम पूर्वा मंडलोई, तहसीलदार कैलाश सस्तिया एवं सीएमओ प्रियंक पंड्या ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आयोजन समिति के पदाधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम सुचारू और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। मालवी गारी भारूड़ समाज ओंकारेश्वर धर्मशाला समिति के अध्यक्ष रोहित पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में 44 वर-वधु परिणय सूत्र में बंधेंगे, वहीं 10 हजार से अधिक समाजजन के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को लेकर समाज के सभी वर्गों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। नगर भारूड़ समाज अध्यक्ष विक्रम पटेल ने बताया कि आयोजन को सेवा से जोड़ते हुए 300 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य भी रखा गया है। युवाओं में इस पहल को लेकर विशेष उत्साह है और सोशल मीडिया के माध्यम से बड़ी संख्या में लोग रक्तदान के लिए आगे आ रहे हैं। यह प्रयास समाज में सेवा, सहयोग और जागरूकता का सशक्त संदेश दे रहा है।



## एक नजर में

### भोपाल में प्रदेशभर के करीब एक लाख शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, खरगोन जिले से 2 हजार से अधिक शिक्षक हुए शामिल

# शिक्षक बोले : मांगे पूर्ण नहीं होने पर जून से स्कूलों में कर देंगे तालाबंदी...

नवभारत न्यूज

**बिस्टान, निप्र।** शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध एवं नियुक्ति तिथि से वरिष्ठतार का लाभ देने की मांग को लेकर भोपाल में प्रदेश भर से आए करीब एक लाख शिक्षकों ने बड़ा प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में खरगोन जिले से करीब 2 हजार से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें मातृशक्ति की काफी संख्या में उपस्थित थी।

शिक्षकों ने एमपी नगर एसडीएम एल के खरे को ज्ञापन सौंप कर प्रदर्शन को समाप्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष अमित शर्मा ने किया। आयोजकों के मुताबिक, भोपाल के भेल स्थित दशहरा मैदान में 'मुख्यमंत्री अनुरोध यात्रा' के तहत प्रदेश के अलग अलग जिलों से करीब एक लाख से ज्यादा शिक्षकों ने भाग लिया। अध्यापक, शिक्षक मोर्चा के संयोजक जगदीश यादव एवं पदाधिकारीयो ने चेतावनी दी कि अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो जून में स्कूलों की तालाबंदी कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि अगर सरकार परीक्षा लेना ही चाहती है तो शिक्षकों को पढ़ाई के लिए समय दिया जाए और उन्हें जनगणना जैसे कामों में न लगाया जाए। संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने साफ कहा कि पहले से नौकरी कर रहे शिक्षकों को दोबारा शिक्षक पात्रता परीक्षा देने के लिए मजबूर करना गलत है।उनका कहना है कि नियुक्ति के समय सभी जरूरी योग्यता पूरी की गई थी, ऐसे में 20 से 25 साल की सेवा के बाद नई शर्तें थोपना न्यायसंगत नहीं है। शिक्षकों का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश से 90 से 95 प्रतिशत तक शिक्षक प्रभावित हुए हैं।खासकर वे शिक्षक जो पहले अध्यापक थे और बाद में शिक्षक संवर्ग में शामिल हुए। इन शिक्षकों ने कम वेतन से नौकरी शुरू की थी और आज भी पेंशन, ग्रेच्युटी और सेवा अवधि की गणना जैसे अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। संयुक्त मोर्चा ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार नियुक्ति की मूल तारीख से सेवा की गणना नहीं कर रही है जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है। टी ई टी को अनिवार्य करने से उन पर और दबाव बढ़ रहा है और आगे चलकर कम पेंशन और ग्रेच्युटी मिलने का डर भी बना हुआ है। दशहरा मैदान में भारी भीड़ के कारण पंडाल छोटा पड़ गया और कई शिक्षकों को पेड़ों की छांव में बैठना पड़ा। दूर दूर से आए प्रदर्शनकारियों को पुलिस बैरिकेडिंग की वजह से अपने वाहन काफी पहले ही रोकने पड़े और वहां से पैदल ही मैदान तक पहुंचना पड़ा।इससे पहले 8 अप्रैल को जिला स्तर पर और 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर भी प्रदर्शन किए गए।